हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 जून 2026

04 सेंट जॉन स्कूल में प्रवेश उत्सव हुआ आयोजित



07 शिवभक्तों के सहयोग से जुटी धनराशि अमरनाथ...





## खबर संक्षेप में

### दसवीं व बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान

**सीहोर।** सीहोर सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउंडेशन रजि शहर के मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2026 दिनांक 5 जुलाई, दिन रविवार को पीजी कॉलेज सभागार भोपाल नाका सीहोर में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में जिले के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सीबीएसई, एमपी बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को अग्रसोच सोशल फाफाऊंडेशन के मंच से सम्मानित किया जाएगा। इसमें शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाऊंडेशन रजि के संस्थापक आशीष गुप्ता ने बताया कि समारोह के लिए सुबह 12 बजे से कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। जो दोपहर 02 बजे तक चलेगी। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य उपस्थित रहेंगे। वे विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ-साथ सफलता के मूलमंत्र भी साझा करेंगे। इसमें एमपी बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा सीबीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी सम्मानित होंगे।

### 16 सदस्यीय जत्था चार धाम के लिए रवाना

**सीहोर।** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में बुधवार को दोपहर में वाहन के द्वारा 16 सदस्यीय जत्था चार धाम के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित अन्य ने भगवान के जयकारों के साथ रवाना किया। पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति की ओर से माखन परमार ने बताया कि बुधवार को धार्मिक यात्रा का श्री गणेश किया गया है। दस दिनों तक केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड मंडली के लिए रवाना हुए। धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच श्रद्धालुओं का एक जत्था चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगल कामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के सुखद, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की प्रार्थना की गई। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं का परिजनों, पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति, सामाजिक संगठनों एवं धर्मप्रेमियों ने पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें: कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, दुर्घटना नियंत्रण, स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं जनजागरूकता संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी स्कूल वाहनों की नियमित एवं सघन जांच की जाए। जांच के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस प्रमाण-पत्र तथा सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल वाहनों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक स्कूल वाहन में अग्निशामक यंत्र, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध हों। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिक एवं स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर निरंतर निरीक्षण एवं जांच अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने जिले की पुल-पुलियाओं एवं रपटों पर आवश्यक चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पुल-पुलियाओं पर सुरक्षा रेलिंग अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो तथा मरम्मत योग्य संरचनाओं की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सड़क निर्माण एवं रखरखाव एजेंसियों को स्पीड ब्रेकरों पर व्हाइट स्ट्रिप पेंटिंग, सड़क किनारे व्हाइट लाइन मार्किंग तथा आवश्यक स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों के किनारे से अनावश्यक झाड़ियों को हटाने, आवश्यकता अनुसार रम्बल स्ट्रिप एवं स्पीड ब्रेकर बनाने तथा कनेक्टिंग रोड एवं ब्लाइंड स्पॉट्स पर कन्वैक्स मिरर स्थापित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर यादव ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने तथा संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन प्रकरणों में प्रभावित व्यक्तियों को राहत प्रदान करने हेतु संचालित प्रतिकर योजना के अंतर्गत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

### विस्तार से की समीक्षा

बैठक में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाने, सब्जी मंडी रोड पर शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू करने, हाथ ठेला एवं फेरी व्यवसायियों के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग गोपाल प्रसाद उसपारिया, एनएचआई संध्या टेले, यातायात थाना प्रभारी जगदीश यादव, सीएएचओ कुशाल सिंह डोढ़वे, अंकित श्रीवास्तव सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवार और नगर का बढ़ाया मान

# युवा यश पंडिया ने हासिल की एमबीबीएस में सफलता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के प्रतिभावान छात्र यश पाडिया पुत्र नितिन पाडिया ने एमबीबीएस की अंतिम परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो की नगर के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता से उन्होंने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि नगर के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यश पंडिया का प्रवेश वर्ष 2021 बैच में जेएनयू हॉस्पिटल से एमबीबीएस पाठ्यक्रम में हुआ था।

वर्षों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बाद उन्होंने आज अपनी अंतिम परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की। अब वे आगामी एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप जेएनयू हॉस्पिटल में पूर्ण करेंगे। इंटर्नशिप के उपरांत उनका उद्देश्य अपने गृह क्षेत्र नलखेड़ा नगर लौटकर जनसेवा और चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना है। यश पाडिया को इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं नगरवासियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई।

### 30 जून से मनरेगा बंद, एक जुलाई से 'जी राम जी'

**सीहोर।** 20 साल पहले शुरू हुई मनरेगा योजना 30 जून की शाम से बंद हो जाएगी। इसकी जगह 1 जुलाई से जी राम जी योजना शुरू होगी। नई स्कीम में काम का दायरा बढ़ा दिया गया है। ग्राम विकास के लिए पहले की तुलना में ज्यादा बजट मिलेगा। सरकार ने जी राम जी में कच्चे कामों के बजाय पक्के निर्माण कराने के अधिकार दे दिए हैं। मनरेगा के मेड बंधान, कच्ची मुरम सड़कें जैसे कच्चे काम नई स्कीम में हटा दिए गए हैं। नई योजना में जिले की पंचायतें इंफ्रा के ज्यादा काम कर सकेंगी। पक्की सड़क बनाने से लेकर मांगलिक, सामुदायिक भवन, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे 318 प्रकार के काम कराए जा सकेंगे। पक्की सड़क या भवन जैसे निर्माण के लिए अब सरपंचों को अलग से डिमांड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# सेफ क्लिक अभियान के तहत छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सेफ क्लिक अभियान के तहत गुरुवार को स्थानीय पुलिस द्वारा दो स्कूलों के छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। गुरुवार को नलखेड़ा पुलिस द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवकुंज एवं सांदीपनी शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा में छात्र छात्राओं को सेफ क्लिक की विस्तृत जानकारी देते हुवे साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। साइबर जागरूकता अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लिंक एवं क्यूआर कोड के माध्यम से साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, बैंक खाते एवं यूपीआई संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। इस अवसर पर सायबर क्विज प्रतियोगिता करवाई गई एवं सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

# नलखेड़ा में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का समापन

## अंतिम दिवस 102 हितग्राहियों का पंजीयन, चार दिवसीय शिविर में 162 हितग्राही चिन्हांकित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा में आयोजित चार दिवसीय चिन्हांकन शिविर का समापन हुआ।

सामाजिक न्याय विभाग के शाखा प्रभारी निलेश झांसिया ने बताया कि शिविर के अंतिम दिवस भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत 30 दिव्यांगजनों तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 69 वरिष्ठजनों सहित कुल 102 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के विशेषज्ञों द्वारा 29 हितग्राहियों को पात्र पाते हुए उनका चिन्हांकन कर भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया गया।

शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, कैलीपर सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण मौके पर ही उपलब्ध कराए गए। सहायक उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजन एवं उनके परिजन प्रसन्न दिखाई दिए तथा उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों द्वारा 9 दिव्यांगजनों का नवीन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड हेतु पंजीयन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नलखेड़ा सुश्री अश्विनी पाटीदार, शाखा प्रभारी सामाजिक न्याय निलेश झांसिया, एसएसओ सुश्री रूचि मिश्रा, पुरुषोत्तम खेलवाल, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की प्रशासनिक अधिकारी चेतना बैरागी सहित जनपद पंचायत, नगर परिषद एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में आयोजित शिविर के दौरान 162 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु चिन्हांकित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिले के चारों विकासखंडों में आयोजित शिविरों के दौरान जनपद पंचायत आगर में एडिप योजना के अंतर्गत 18 दिव्यांगजन एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत 23 वरिष्ठजनों सहित कुल 41 हितग्राहियों, जनपद पंचायत बड़ौद में 10 दिव्यांगजन एवं 18 वरिष्ठजनों सहित कुल 28 हितग्राहियों तथा जनपद पंचायत सुसनेर में 24 दिव्यांगजन एवं 38 वरिष्ठजनों सहित कुल 62 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। वहीं नलखेड़ा विकासखंड के समापन शिविर में वयोश्री योजना के 20 तथा एडिप योजना के 11 हितग्राहियों सहित कुल 31 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। इस प्रकार जिले में आयोजित चार दिवसीय शिविरों के दौरान वयोश्री योजना के 99 वरिष्ठजन एवं एडिप योजना के 63 दिव्यांगजन सहित कुल 162 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु पात्र पाते हुए चिन्हांकित किया गया।

## 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा

# भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा जगदीश मंदिर से शुरू होकर स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे है। अब तक 100 से अधिक क्षेत्रों में परमार समाज के पदाधिकारियों ने चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार (कुलांस कलां) के साथ कंधे से कंधा मिलकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

आगामी दिनों में होने वाली पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा से पूर्व मंदिर में 14-15 जुलाई को विशेष अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुरज सिंह जी एवं चंदर सिंह मंडलोई आदि सहित युवा और बुजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है। समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष चल समारोह अध्यक्ष भवंर लाल परमार का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल, कमल पटेल, मुकेश परमार, विष्णु परमार, शिव परमार, भगीरथ परमार, अनारसिंह परमार, देवनारायण परमार, दशरथ सिंह परमार, भगवान सिंह परमार, मनोहर परमार, लखन परमार, महेंद्र परमार, विक्रमप रमार ग्राम तकीपुर में भगवान जगदीश की रथ यात्रा का निमंत्रण दिया। पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि शहर में लंबे समय से जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा आस्था और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और 16 जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं के द्वारा रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा में हजारों की संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे।

# देवस्थान पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सुबह की सैर पर जाने वाले युवाओं द्वारा नगर से दो किमी दूर एक पांडवकालीन देव स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्रेरणादायक कार्य किया है। नगर में इन दिनों व्याप्त गंदगी चर्चा का विषय बनी हुई है, इसके साथ ही शासन के विभिन्न विभागों की अनदेखी के चलते क्षेत्रवासियों व नगरवासियों की जीवनदायिनी लखुंदर नदी में भी गंदगी व्याप्त है एवं जलकुंभी उगी हुई है। ऐसी परिस्थिति में नगर की कुछ सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लखुंदर नदी की स्वच्छता का अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में मलबा निकाला गया था। गुरुवार को कुछ युवाओं जो प्रतिदिन सुबह की सैर करने नगर की पूर्व दिशा में स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर की ओर जाते है द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाकर अन्य के सामने एक प्रेरणादायी कार्य कर यह संदेश दिया है कि स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। युवाओं के उक्त कार्य की नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध विभाग ने की कार्रवाई



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आबकारी विभाग द्वारा देवास में कार्यवाही कर 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 1200 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया। कार्यवाही में कुल 05 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए,जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 01 लाख 22 हजार रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव, राज खन्ना, योगेंद्र सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, सुरेंद्र वर्षी, दीपक तटवाड़े शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### सवारी विवादः बस कंडक्टर को पीटा

**देवास।** बसों में सवारी बैठाने को लेकर चल रहे विवाद ने अब मारपीट का रूप ले लिया है। भोपाल से इंदौर जा रही एक यात्री बस के कंडक्टर के साथ बीच सडक़ पर कथित तौर पर मारपीट की गई और 22 हजार रुपए छीन लिए गए। इस घटना के बाद पीड़ित कंडक्टर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कंडक्टर नीरज कुशवाहा ने बताया कि यह घटना देवास बस स्टैंड से निकलने के बाद उज्जैन तिराहा से कुछ दूरी पर हुई। उनकी बस देवास क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कुछ लोगों ने स्कूटर बस के आगे लगाकर उसे जबरन रोक लिया। नीरज कुशवाहा के अनुसार, बस रुकते ही उन्हें नीचे उतारा गया और सवारी बैठाने के विवाद को लेकर गाली-गलौज की गई। इसके बाद डंडों और थप्पड़ों से उनके साथ मारपीट की गई। नीरज ने आरोप लगाया है कि इस दौरान उनके पास मौजूद करीब 22 हजार रुपए भी छीन लिए गए। कंडक्टर ने बताया कि हमलावर लगातार यह आरोप लगा रहे थे कि उनकी बस के आगे सवारी क्यों बैठाई जा रही है। इस हंगामे के कारण बस में बैठे यात्री करीब आधे घंटे तक भयभीत और परेशान रहे। बस को आगे नहीं बढने दिया गया, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हुई। स्थिति बिगडऩे पर यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर इंदौर के लिए रवाना किया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भंडारे के साथ महायज्ञ की पूर्णाहूति आज

**देवास।** 20 जून से प्रारंभ हुए माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का समापन महायज्ञ की पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। प्रतिदिन मां के दरबार में 10 जोड़ों द्वारा आहूतियां प्रदान की जा रही है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि भंडारे का भी होगा।

नशा तस्करों पर देवास पुलिस का बड़ा प्रहार, पांच आरोपी जेल भेजे

# जीरो टॉलरेंस नीति पर पुलिस, आदतन ड्रग तस्करों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

जिले में पहली बार ड्रग तस्करों के विरुद्ध विशेष अधिनियम तहत की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए देवास पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आदतन अपराधियों के विरुद्ध PIT-NDPS अधिनियम के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेजा है। जिले में पहली बार ड्रग तस्करों के विरुद्ध इस विशेष अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है, जिसे पुलिस की नशे के खिलाफ मुहिम में बड़ी सफलता माना जा रहा है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक देवास एवं कलेक्टर देवास द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने PIT-NDPS अधिनियम 1988 के तहत आदतन नशा तस्करों के विरुद्ध निरोधात्मक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के पालन में कोतवाली और खातेगांव थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध कराया।पुलिस के अनुसार, खातेगांव निवासी रामकिशोर जाट वर्ष 2001 से मादक पदार्थों की तस्करी एवं मारपीट जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध कुल सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को एक वर्ष एवं एक लाख रुपये की प्रतिभूति राशि से बाउंड ओवर किया जा चुका है, वहीं उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी प्रचलित है।इसी प्रकार आशुतोष उर्फ बबलु जोशी वर्ष 2008 से मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में सक्रिय रहा है। उसके विरुद्ध कुल आठ प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को भी एक वर्ष एवं एक लाख रुपये की प्रतिभूति राशि से बाउंड ओवर किया गया है तथा जिलाबदर की कार्रवाई भी जारी है।वहीं कोतवाली क्षेत्र के राजू उर्फ राजकुमार के खिलाफ मादक पदार्थ एवं मारपीट से संबंधित पांच मामले दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में बाउंड ओवर और जिलाबदर जैसी कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उसकी आपराधिक गतिविधियां जारी रहीं।खातेगांव निवासी दिनेश जाट के खिलाफ ब्राउन शुगर तस्करी, चोरी, मारपीट सहित अन्य अपराधों के कुल सात प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने उसे भी आदतन अपराधी मानते हुए कठोर वैधानिक कार्रवाई की है।इसके अलावा कन्नौद निवासी हनीफ खां के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, जहरीली शराब, हथियार तस्करी और मारपीट सहित कुल नौ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, पूर्व में बाउंड ओवर किए जाने के बावजूद वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा। इसके चलते पुलिस अधीक्षक देवास एवं जिला दंडाधिकारी के प्रतिवेदन पर PIT-NDPS अधिनियम की धारा 3(1) के तहत उसे एक वर्ष के लिए केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध करने का आदेश जारी किया गया,



जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।पुलिस का कहना है कि जिले में नशा तस्करों एवं ड्रग पेडलर्स के खिलाफ ₹जीरो टॉलरेंस नीति₹ के तहत अभियान चलाया जा रहा है। समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से केवल गिरफ्तारी तक सीमित न रहकर आदतन अपराधियों के विरुद्ध PIT-NDPS, जिलाबदर, बाउंड ओवर सहित अन्य कठोर कानूनी प्रावधानों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## तेज बारिश के बीच उफनते नाले में समाए दो युवक, रातभर चले रेस्क्यू के बाद मिले शव

10 किलोमीटर दूर मिला एक शव





हरिभूमि न्यूज ⏭ कन्नौद

जिले के कन्नौद-सतवास क्षेत्र में तेज बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की जान चली गई। निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत दोनों युवक बुधवार शाम कार्यालय से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उफनते नाले को पार करने के दौरान वे तेज बहाव में बह गए। गुरुवार सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव अलग-अलग स्थानों से बरामद किए।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान कन्नौद निवासी अमित शर्मा (24 वर्ष) और धर्मेंद्र सिंह राठौड़ (26 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों युवक पीपलकोटा स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। बुधवार शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद वे मोटरसाइकिल से अपने घर कन्नौद के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में तेज बारिश के कारण एक नाला उफान पर था। बताया जा रहा है कि घर पहुंचने की जल्दबाजी में दोनों युवकों ने नाले को पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान मोटरसाइकिल सहित दोनों पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए और देखते ही देखते बह गए। कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि देर रात तक दोनों युवक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं लगा, तभी पीपलानी गांव के लोगों ने सूचना दी कि दो युवक नाले में बह गए हैं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के दौरान सबसे पहले घटनास्थल के पास से युवकों की मोटरसाइकिल बरामद हुई, जिससे आशंका और गहरा गई।खोज अभियान के दौरान धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का शव घटनास्थल के समीप ही नाले में मिल गया, जबकि दूसरे युवक अमित शर्मा की तलाश जारी रही। गुरुवार सुबह उसका शव बहाव के साथ करीब 10 किलोमीटर दूर गोलपुरा क्षेत्र में मिला। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सतवास अस्पताल भेज दिया।

### ग्राम राजोदा में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की मानिटरिंग और व्यवस्थाओं को अधिक बेहतर बनाने स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने ग्राम राजोदा में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी का संयुक्त निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक तथा कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास साबिर अहमद सिद्दीकी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हितग्राहियों के घर जाकर नवजात शिशु की गृह आधारित देखभाल, 3 माह से 15 माह तक के बच्चों की देखभाल, गंभीर कुपोषण तथा मध्यम कुपोषणबच्चों की स्थिति की जानकारी ली।

### जिला अभिभाषक संघ चुनाव में अधिवक्ताओं में दिखा भारी उत्साह, 832 मतदाताओं ने किया मतदान


**देवास।** जिला न्यायालय परिसर में गुरूवार को हुए जिला अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। गुरुवार को सुबह से शुरू हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। चुनाव में कुल 880 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से समाचार लिखे जाने तक लगभग 832 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से जारी रही। पूरे दिन न्यायालय परिसर में चुनावी माहौल बना रहा। विभिन्न पदों के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से संपर्क करते और समर्थन जुटाते नजर आए। परिसर में चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच खासा उत्साह एवं चर्चा का माहौल बना रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बापट एवं अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रघुवीर यार्दी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सुरक्षित रखा गया। मतगणना की प्रक्रिया रात करीब 10 बजे तक पूरी होने की संभावना है, जिसके बाद जिला अभिभाषक संघ चुनाव के परिणामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चुनाव परिणाम को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है।



## भाजपा कार्यालय पर किया मिसा बंदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, देवास में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मिसा बंदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिसा बंदियों एवं उनके परिवारजनों का पुष्पमालाओं एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।इस अवसर पर मिसा बंदी जनार्दन अठावले, इंदर सिंह ठाकुर, प्रहरी अजय जोशी, चेतन रघुवंशी, राजेंद्र पटेल एवं सचिन सोनी सहित उनके परिजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया




आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था। उस समय लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों देशभक्तों ने जेल की यातनाएं सहन कीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। मिसा बंदियों का संघर्ष आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है और उनके त्याग एवं बलिदान को देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है।कार्यक्रम में जिला महामंत्री मनीष सोलंकी एवं विजय सिंह ठाकुर, जिला संयोजक सुनील पुरोहित, महेंद्र यादव, बबलू ठाकुर, राहुल गोस्वामी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## विधायक शर्मा को मिल सकता है मौका मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। सत्ता और संगठन के गलियारों में यह चर्चा है कि सरकार जल्द ही कैबिनेट विस्तार और विभागीय फेरबदल पर फैसला ले सकती है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कुछ नए चेहरों को शामिल करने जा रही वर्तमान में मुख्यमंत्री समेत मंत्रिपरिषद में 31 सदस्य हैं, जबकि कुछ पद अब भी रिक्त बताए जा रहे हैं। ऐसे में लंबे समय से मंत्रिमंडल



विस्तार की अटकलें लगाई जा रही हैं। नए चेहरों की दावेदारी भी चर्चा संभावित विस्तार को लेकर कई नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं। उनमे देवास जिले से आशीष गोविंद शर्मा मध्य प्रदेश के एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में विदिशा लोकसभा क्षेत्र की खातेगांव-कन्नौद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 173 से विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 2013, 2018 और 2023 में तीन बार मध्य प्रदेश विधानसभा के निर्वाचित सदस्यहैं। फिलहाल मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल को लेकर सरकार या भाजपा संगठन की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में सभी अटकलों और चर्चाओं पर अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री स्तर पर होने वाले निर्णय के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के दूसरे दिन पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

# पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों और हॉट बाजारों में किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के दूसरे दिन गुरुवार को जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत देवास जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूलों, महाविद्यालयों, हाट-बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक क्षेत्रों में नागरिकों एवं विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, साइबर ब्लैकमेलिंग तथा क्यूआर कोड फ्रॉड सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी।इस दौरान सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डिजिटल भुगतान करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के उपाय भी बताए गए। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थियों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो स्वर्णिम समय (गोल्डन ऑवर) का लाभ उठाते हुए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर धोखाधड़ी की राशि सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा सके।

पुलिस ने बताया कि ₹सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रत्येक नागरिक को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक और सुरक्षित बनाया जा सके।

## सेंट जॉन स्कूल में प्रवेश उत्सव हुआ आयोजित



**चापड़ा।** सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में गुरुवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथोलिक डायोसिस इंदौर के धर्माध्यक्ष बिशप थॉमस मैथ्यू रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में फादर मार्टिन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिशप थॉमस मैथ्यू, विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी, प्राचार्या सिस्टर अर्पिता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड दल द्वारा किया गया, जिसकी आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में नवप्रवेशित सहित सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में बिशप थॉमस मैथ्यू ने विद्यालय परिवार को पेट्रन्स डे एवं प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के दोनों स्टाफ सेक्रेटरी यश पंचोली और श्रद्धा गुप्ता द्वारा किया गया।कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर सोनी एंटनी, सिस्टर अर्पिता एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## खबर संक्षेप

### रिश्तेदारी के विवाद में युवक से मारपीट

**ललितपुर**। थाना बार क्षेत्र के ग्राम लड़वारी चौराहे पर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लड़वारी निवासी योगेन्द्र सिंह पुत्र प्रताप सिंह ने थाना बार में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 23 जून की शाम लगभग 4.35 बजे वह लड़वारी चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान उनके मझले भाई पहलवान सिंह का साला साहब सिंह अपने साथियों परमाल सिंह एवं जयहिन्द के साथ वहां पहुंच गया। तीनों आरोपी ग्राम भकरौल, थाना नदीगांव, जनपद जालौन के निवासी बताए गए हैं। आरोपियों ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उनके साथ लात-घूसों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साहब सिंह, परमाल सिंह और जयहिन्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### निशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर कल

**ललितपुर**। जनपदवासियों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 जून को शहर में एक विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स एवं नवजीवन क्लिनिक एवं अल्ट्रासाउंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। शिविर में आंखों से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श तथा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों के अनुसार शिविर का आयोजन चर्च के पीछे, सिविल लाइंस स्थित नवजीवन क्लिनिक एवं अल्ट्रासाउंड परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों की नेत्र संबंधी समस्याओं की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी तथा आवश्यक उपचार के संबंध में परामर्श दिया जाएगा। शिविर की विशेषता यह है कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र कार्डधारकों के मोतियाबिंद सहित अन्य चयनित नेत्र रोगों के ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। मरीजों को आधुनिक तकनीक से बिना टांके और बिना इंजेक्शन वाली मोतियाबिंद सर्जरी के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। शिविर में शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इस दौरान मोतियाबिंद, रेटिना रोग, ग्लूकोमा (कालामोतिया), कॉर्निया रोग, भेंगापन, बाल नेत्र रोग, चश्मा एवं कांटेक्ट लेंस संबंधी समस्याओं की जांच और उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा लेसिक, फेम्टो लेसिक, टचलेस लेसिक, आईपीसीएल एवं सीएलई जैसी आधुनिक तकनीकों से चश्मा हटाने के विकल्पों की जानकारी भी दी जाएगी।

### राजस्व टीम के सामने किसान से मारपीट

**ललितपुर**। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम पटौराकलां में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। अदालती आदेश के बाद अपनी भूमि पर कब्जा लेने पहुंचे एक भूमिधर के साथ राजस्व एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में कथित रूप से मारपीट किए जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिद्धन मंदिर, बुडवार रोड निवासी मुकेश तिवारी पुत्र हरनारायण तिवारी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि ग्राम पटौराकलां स्थित आराजी संख्या 776/2 रकबा 3.910 हेक्टेयर भूमि पर उनका एवं उनके भाइयों का संक्रमणीय भूमिधर के रूप में अधिकार है। राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेश एवं डिक्री के तहत भूमि का विभाजन किया गया था, जिसमें संबंधित भूमि का हिस्सा उन्हें आवंटित किया गया था। न्यायालय आदेश के अनुपालन में 10 मई 2026 को राजस्व विभाग की ओर से पैमाइश कर उन्हें भूमि का कब्जा भी दिलाया गया था।

श्रद्धालुओं ने सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया, दिल्ली मुख्य समिति ने जताया आभार

# शिवभक्तों के सहयोग से जुटी धनराशि अमरनाथ भंडारे के लिए भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बाबा अमरनाथ बर्फानी की पावन सेवा एवं भंडारा आयोजन के लिए ललितपुर के श्रद्धालुओं ने एक बार फिर सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्रीशिव सेवक दिल्ली की पोषपत्री कश्मीर शाखा के माध्यम से एकत्रित 8 लाख 83 हजार 578 रुपये की सहयोग राशि दिल्ली स्थित मुख्य समिति को प्रेषित की गई है।

संस्था द्वारा जारी रसीद एवं पत्र के अनुसार यह राशि आगामी अमरनाथ यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले विशाल भंडारे एवं सेवा कार्यों के लिए भेजी गई है। जय बाबा अमरनाथ बर्फानी तथा भूखे को अन्न, प्यासे को पानी के सेवा भाव के साथ शिवभक्तों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि कुल 132 रसीद बुकों के माध्यम से श्रद्धालुओं से सहयोग राशि एकत्रित की गई। इस धनराशि में 4 लाख 94 हजार 650 रुपये नकद तथा 3 लाख 88 हजार 928 रुपये डिजिटल माध्यम (यूपीआई) से प्राप्त हुए। संपूर्ण राशि धर्मेन्द्र शुभम चौरसिया पुत्र हरिमोहन बांकेबिहारी चौरसिया के माध्यम से दिल्ली मुख्य समिति को भेजी गई। मुख्य समिति द्वारा 21 जून 2026 को जारी पत्र में ललितपुर शाखा एवं सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया है कि बाबा बर्फानी की सेवा में ललितपुर के श्रद्धालुओं का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय है। समिति ने भगवान शिव से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना भी की है। इस अवसर पर ललितपुर शाखा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त शिवभक्तों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज की सेवा और धर्मार्थ कार्यों में जनसहभागिता ही संस्था की सबसे बड़ी शक्ति है। भंडारा सहयोग अभियान को सफल बनाने में शाखा के प्रधान रविन्द्र कुमार सेठी, सचिव योगेन्द्र शुक्ला तथा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सहित अनेक सेवादारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी श्रद्धालुओं का इसी प्रकार सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहेगा।

नगवास पंचायत के पास पानी का रिसाव हो रहा

# जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त लाखों गैलन पानी बर्बाद हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



थाना जखौरा क्षेत्र अंतर्गत नगवास ग्राम पंचायत के पास जल निगम की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। पाइपलाइन में हुए रिसाव के कारण लगातार पानी सड़क किनारे और आसपास के क्षेत्र में फैल रहा है, जिससे एक ओर जहां बहुमूल्य पेयजल की बर्बादी हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम की पाइपलाइन काफी समय से क्षतिग्रस्त है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इसकी मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण बड़ी मात्रा में स्वच्छ पेयजल नष्ट हो रहा है। गौरतलब है कि मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अल नीनो प्रभाव के चलते देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे समय में जल संरक्षण की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। विशेषज्ञ लगातार लोगों से पानी बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण की अपील कर रहे हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते कीमती पानी की बर्बादी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जल संरक्षण केवल आम लोगों की ही नहीं बल्कि संबंधित विभागों की भी जिम्मेदारी है। यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में पानी की समस्या और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जल निगम के अधिकारियों से शीघ्र संज्ञान लेकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराने तथा पेयजल की बर्बादी रोकने की मांग की है।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने मांगों ज्ञापन सौंपा

# पेंशन भवन निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा व सर्विस रोड निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सेवा निवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सेवा निवृत्त वाणिज्य कर अधिकारी एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष जे.के. सिंह के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में जनपद मुख्यालय पर पेंशनर्स की सुविधा के लिए पेंशन भवन के निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा पेयजल योजना के अंतर्गत चंडी मंदिर के सामने खोदी गई नाली को शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की भी मांग की गई, जिससे आमजन को हो रही परेशानी का समाधान हो सके। एसोसिएशन ने बीएसए द्वारा सेवा निवृत्त शिक्षकों को नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किए जाने की मांग भी उठाई। साथ ही मेडिकल कॉलेज में सेवा निवृत्त पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपचार की व्यवस्था लागू करने की मांग करते हुए कहा कि डॉक्टर द्वारा प्रत्येक दो मरीजों के बाद तीसरे क्रम पर वरिष्ठ नागरिकों को देखा जाए, जिससे उन्हें लंबी प्रतीक्षा से राहत मिल सके। ज्ञापन में देवगढ़ रोड पर बने ओवरब्रिज के दोनों ओर सुचारू आवागमन के लिए सर्विस रोड का निर्माण कराए जाने की मांग भी की गई। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि सर्विस रोड के अभाव में स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## आम तोड़ते सर्पदंश से पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

ललितपुर। गुरुवार को एक हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। बताया गया है कि आम तोडऩे के दौरान पेड़ पर चढ़े अधेड़ को सर्प ने डस लिया, जिससे वह संतुलन खोकर नीचे गिर पड़े। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम ऐरा निवासी 55 वर्षीय चन्दू पुत्र सुकलाल निरंजन गुरुवार को पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे थे। इसी दौरान पेड़ की खोह में छिपे बैठे एक जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। अचानक हुए सर्पदंश के कारण वह घबरा गए और संतुलन बिगडऩे से पेड़ से नीचे गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों एवं परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल अवस्था में चन्दू को उपचार के लिए जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनका परीक्षण किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ जुट गई।



डा.कोमल चंद्र सराफ को श्रद्धांजलि दी

# अमेरिका के ट्रेंटन में निधन, श्रद्धांजलि सभा में समाज के लोग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



ललितपुर नगर में जन्मे एवं अमेरिका में रहकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले प्रख्यात क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और समाजसेवी डा.कोमल चंद्र सराफ का 19 जून को अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य के ट्रेंटन नगर में निधन हो गया। उनके निधन पर ललितपुर सहित भारत और अमेरिका में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पावन स्मृति में गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन आटा मंदिर धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में दिगम्बर जैन पंचायत समिति पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, सराफ परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, मित्रगण तथा लायन्स इंटरनेशनल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज के प्रति योगदान को याद किया। डा.कोमलचंद्र सराफ का जन्म ललितपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा यहीं प्राप्त की तथा आगे की शिक्षा श्री वर्णी जैन कॉलेज और डीएवी कॉलेज कानपुर से ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने रांची में अध्ययन किया और अमेरिका जाकर कैलिफोर्निया स्कूल ऑफ प्रोफेशनल साइकोलॉजी से क्लिनिकल साइकोलॉजी में पीएचडी की उपाधि हासिल की। उन्होंने करीब 45 वर्षों तक अमेरिका में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं दीं। भारतीय एवं दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच वह एक विशेष पहचान रखते थे। मानव सेवा, शिक्षा, शोध एवं क्लिनिकल साइकोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2025 में उन्हें अमेरिका का प्रतिष्ठित अल्बर्ट नेल्सन मार्किवस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया था।

# मतदेय स्थलों के संभाजन व समायोजन बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आगामी निर्वाचन व्यवस्थाओं को अधिक सुचारु, पारदर्शी एवं मतदाता हितैषी बनाने के उद्देश्य से मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के सम्भाजन एवं समायोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 29 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला अधिकारी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के उपरांत उनके सम्भाजन एवं समायोजन के संबंध में सुझाव प्राप्त करने तथा विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अधिकृत प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रशासन का उद्देश्य मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन संबंधी प्रस्तावों पर सभी संबंधित पक्षों की राय प्राप्त करना है। बैठक में 226-ललितपुर विधानसभा क्षेत्र एवं 227-महरौनी (अनुसूचित जाति सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मांग पत्र भेजा

# चौदह गोसेवकों की उम्रकैद निरस्त करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में 14 गौसेवकों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा पर पुनर्विचार किए जाने की मांग की। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश के सिवनी मालवा क्षेत्र के एक प्रकरण में नर्मदापुरम की सत्र न्यायालय द्वारा 13 जून 2026 को 14 व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने इस निर्णय पर पुनर्विचार की आवश्यकता बताते हुए राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय गृहमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि गौसेवा और गौरक्षा सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है तथा इस निर्णय से गौसेवकों एवं सनातन समाज में चिंता का वातावरण व्याप्त है। संगठन का मत है कि इस प्रकार की कठोर सजा से भविष्य में गौसेवा से जुड़े लोगों में भय उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने मामले के मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दोषियों को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त करने अथवा प्रकरण की उच्चस्तरीय समीक्षा कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय गृहमंत्री से अनुरोध किया गया कि संविधान के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लिया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष अंकुश राजपाल, जिला मीडिया प्रभारी शुभम जमुरिया, विशाल रैकवार, राहुल ठाकुर, विज्ञान राय, संजीव कुमार श्रीवास्तव, शिशुपाल बाबा सतरवांस आदि मौजूद रहे।

स्थगन आदेश के बावजूद नाली निर्माण

# नपा अधिकारियों व ठेकेदार पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप जड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



तुवन मंदिर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर नगरपालिका परिषद पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद उसकी भूमि पर नाली निर्माण कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाए जाने तथा न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। तुवन मंदिर के पास निवासी प्रणीलाल यादव पुत्र सुम्मेद सिंह की आराजी संख्या 3571, रकवा 0.8250 हेक्टेयर भूमि को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इस संबंध में उन्होंने सिविल जज (जू.डि.) की अदालत में वाद संख्या 25/2025 दाखिल किया था। मामले में न्यायालय द्वारा 21 मई 2025 को पारित आदेश में संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार का परिवर्तन न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। प्रणीलाल यादव का आरोप है कि न्यायालय के उक्त आदेश के बावजूद नगरपालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी तथा संबंधित ठेकेदार द्वारा विवादित भूमि पर नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उनका कहना है कि यह कार्य न्यायालय के आदेश की भावना के विपरीत है तथा इससे उनकी भूमि प्रभावित हो रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में मांग की है।

छात्र-छात्राओं के प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे

# नेमवि में कल से सभी कक्षाओं में प्रवेश होंगे, 10 जुलाई तक चलेगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में प्रशासनिक एवं प्रवेश के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के प्रवेश के सम्बन्ध में प्राप्त निर्देशों पर चर्चा की गई एवं सत्र 2026-27 के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, बी.एस-सी. बायो/मैथ, बी.काम प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. सभी विषयों के प्रथम सेमेस्टर, बी.एस-सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर तथा एम.एस-सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया। बैठक में जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के समर्थ पोर्टल पर नेहरू महाविद्यालय ललितपुर में प्रवेश हेतु जिन छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है, उन छात्र-छात्राओं के प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किए जायेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सूचित किया कि जिन छात्र-छात्राओं ने सत्र 2026-27 में नेहरू महाविद्यालय ललितपुर में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, बी.एस-सी. बायो/मैथ, बी.काम प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. सभी विषयों के प्रथम सेमेस्टर, बी.एस-सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर तथा एम.एस-सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन किया है वे सभी छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, उत्तीर्ण कक्षाओं की अंकतालिकायें, फोटो, आधारकार्ड एवं आवेदन करते समय जो मोबाइल नंबर अंकित किया गया, उसके सहित महाविद्यालय में प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर 27 जून से 10 जुलाई तक सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर लें। बैठक में निर्णय लिया गया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार बी.ए. प्रथम वर्ष में निर्धारित 720 सीटों पर आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रवेश सम्पादित किये जायेंगे। बी.ए. प्रथम वर्ष में जिन छात्र-छात्राओं ने नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन किया है। सामान्य वर्ग के छात्र-छात्रायें 68 प्रतिशत तक, अन्य पिछड़ा वर्ग के 65 प्रतिशत तक एवं अनुसूचित जाति के 63 प्रतिशत तक एवं अनुसूचित जनजाति के सभी छात्र-छात्रायें तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग के सभी छात्र-छात्रायें आनलाइन आवेदन की प्रति तथा मूल प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय में 27 जून से 10 जुलाई 2026 तक उपस्थित होकर प्रवेश ले लें। बैठक में डा.अरिमर्दन सिंह, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.राजीव निरंजन आदि मौजूद रहे।

### 200 से अधिक बालिकाओं का भविष्य अधर में...

# अतिरिक्त कक्ष का काम एक साल बाद भी अधूरा, बैठने व्यवस्था नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य इंदर चौराहा पर स्थित होल्कर स्टेट के समय का चद्दर-नुमा भवन, जिसमें शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय संचालित होता था, पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुका था। भवन की स्थिति देखकर ऐसा लगता था कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में एक वर्ष पूर्व 14 लाख रुपए की राशि से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण पूरा नहीं हो सका'। आधे-अधूरे इंतजामों के बीच ही स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। अब 200 से अधिक बालिकाओं को पढ़ाई में परेशानी झेलनी पड़ेगी।

## विधायक की पहल भी बेअसर

विधायक हजारीलाल दांगी की पहल पर शिक्षा विभाग ने पुराने जीर्ण-शीर्ण भवन को डिस्मेंटल करवाकर दो नए कक्ष बनाने का निर्णय लिया था। इसकी निर्माण एजेंसी नगर परिषद है। साल भर पहले टेंडर प्रक्रिया के बाद काम शुरू तो हुआ, लेकिन चींटी की चाल से चल रहा काम अब तक अधूरा पड़ा है।

## भुगतान न होने से रुका काम

बताया जा रहा है कि ठेकेदार को समय पर भुगतान न मिलने के कारण निर्माण कार्य बाधित हो गया। नतीजतन, कक्ष तो आधे बने हैं, लेकिन छत, फर्श और दरवाजे-खिड़कियां लगना बाकी हैं। बरसात के मौसम में बालिकाओं को खुले में या पुराने जर्जर कमरों में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है। होल्कर रियासत के दौरान बना 100 साल से अधिक पुराना जीर्ण-शीर्ण भवन डेढ़ साल पहले तोड़ दिया गया था। विधायक हजारीलाल दांगी ने राशि भी उपलब्ध कराई, लेकिन निर्माण की रफ्तार बेहद धीमी रही। पिछले शैक्षणिक सत्र में भी बच्चों को कमरों की कमी से जूझना पड़ा था, और इस बार भी स्थिति वही है।

## परिसर में बिखरा मलबा पनप रहे मच्छर

स्कूल परिसर में निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है। बारिश का पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं, जिससे बीमारियों की संभावना बढ़ गई है। छात्राओं के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर सवाल'

शहर के मध्य स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की 200 से अधिक छात्राएं तीन छोटे कमरों में ठूंस-ठूंस कर पढ़ने को मजबूर हैं। शिक्षाविदों का कहना है, "जब सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान चला रही है, वहीं स्थानीय स्तर पर लापरवाही के कारण बेटियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।" अभिभावकों ने मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द कक्ष पूर्ण किए जाएं, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और समुचित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

## केवल 4 कमरे ही उपलब्ध...

स्कूल में नर्सरी से 8वीं तक 200 छात्राएं हैं। कम से कम 10 कमरों की जरूरत है, लेकिन अभी केवल 4 कमरे ही उपलब्ध हैं। अतिरिक्त कक्ष न बनने से पढ़ाई में भारी परेशानी हो रही है। नगर परिषद ने जल्द निर्माण का आश्वासन दिया था, पर काम पूरा नहीं हुआ।

- योगेश कुमार गुप्ता
प्रधानाध्यापक मावि जीरापुर।

स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का कार्य नगर परिषद कर रही है। विभाग की ओर से पत्र लिखकर जल्द काम पूरा कराने का अनुरोध किया जाएगा।

- गजेंद्र शर्मा
बीआरसी जीरापुर

# अधिकारियों ने किया सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विभाग समन्वयक वरुण आचार्य एवं जिला समन्वयक प्रवीणसिंह पंवार का सारंगपुर विकासखंड में संगठनात्मक प्रवास संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जनहितकारी कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर संबंधित समितियों के प्रयासों की सराहना की। प्रवास के दौरान अधिकारियों ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिलोदा पाल द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया।

समिति अध्यक्ष मनोज पाल ने उन्हें पूर्व सचिव स्वर्गीय देवकरण पाल एवं सरपंच दिनेश पाल के नेतृत्व में मुक्तिधाम और स्थानीय मंदिर परिसर में किए गए सुंदरीकरण एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि एक अच्छे जनप्रतिनिधि की पहचान उसके विकास कार्यों और समाज के प्रति समर्पण से होती है। जन अभियान परिषद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से दोनों स्थल आकर्षक एवं प्रेरणादायक बने हैं। इसके बाद अधिकारियों ने नवांकुर संस्था 'वीर शिवाजी सेवा समिति' एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाकनी द्वारा विकसित शिवाजी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में किए गए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यों की सराहना की। समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से लगातार पार्क में सेवा कार्य किए जा रहे हैं। यहां केवल पौधारोपण ही नहीं किया जाता, बल्कि पौधों के वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण और देखभाल भी सुनिश्चित की जाती है। अधिकारियों ने समितियों के सदस्यों के प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

# भगवान महेश नवमी का उत्सव श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान महेश की कृपा एवं आशीर्वाद से समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देव कुआं स्थित चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर में समाजजनों द्वारा सामूहिक अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्याम बियाणी ने कहा कि महेश नवमी केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों को स्मरण करने का अवसर भी है। वहीं महिला मंडल अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने कहा कि यह पर्व समाज को सकारात्मक, रचनात्मक एवं विकासोन्मुख कार्यों के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक और डिजिटल परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं को संजोते हुए नई सोच, नवाचार और आधुनिक दृष्टिकोण को अपनाना होगा। व्यापार, शिक्षा, सामाजिक सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के विकास में योगदान देना समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन नारायणदास सादानी, , ओमप्रकाश राठी, प्रदीप सादानी, राधेश्याम माहेश्वरी, बाबूलाल छापरवाल, अशोक राठी, हरीश राठी, राजेंद्र माहेश्वरी, सूर्यप्रकाश सोडानी, प्रमोद सादानी, मनीष छापरवाल, राकेश गगरानी, अनिल माहेश्वरी, पीयूष राठी, मोहित राठी एवं राम राठी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

## व्यवहार न्यायालय आरोन में योगाभ्यास

**आरोन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र व जिला सचिव वंदना त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्थानीय न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष बी.एस. सोलंकी की अध्यक्षता में सुबह 7 बजे से योग सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भरत परमार, अभिभाषक संघ अध्यक्ष लालता प्रसाद तिवारी, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी, पैरालीगल वॉलेंटियर विकास शर्मा और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षक माखन प्रजापति ने सभी को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम और मुद्राओं का अभ्यास कराया। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बी.एस. सोलंकी ने सभी से प्रतिदिन योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने अपील की।

# अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे सैनिक रूपेश यादव का ढोल नगाड़े के साथ गृह गांव में किया भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय सेना में 'अग्निवीर' की कठिन ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा कर प्रथम बार अपने गृह गांव आगमन पर ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत कर जुलूस निकाला। यह मामला ब्यावरा विधानसभा के ग्राम निवानिया का है, जहा एक गरीब परिवार के किसान का बेटा रूपेश यादव पिता धीरपसिंह यादव का चयन 6 माह देश की सेवा करने के लिए अग्निवीर में हुआ। जब वह 6 माह की भारतीय सेना में ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटकर आने पर गांव वालों ने उसके आगमण की बुधवार को तैयारियां पूरी कर उसका आतिशबाजी, ढोल नगाड़े के साथ पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान रूपेश ने सबसे पहले हनुमानजी महाराज के मंदिर पर आकर प्रसाद चढ़ाकर प्रणाम किया। जहा पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने रूपेष का पुष्पमालाओं से स्वागत कर बधाई दी। उपस्थित समाजसेवियों और समाजबंधूओं ने उनके उज्ज्वल व सुरक्षित सैन्य भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## सैनिक राजू सौंधिया खेजड़ा और विनोद लववंशी भंवास का भी किया स्वागत

लखनवास क्षेत्र से भारतीय सेना में 'अग्निवीर' की ट्रेनिंग पूरा कर प्रथम बार अपने गृह आगमण पर राजू सौंधिया गांव खेजड़ा और विनोद लववंशी भंवास का भव्य स्वागत किया गया। "वतन की मोहब्बत में खुद को तपाए बैठे हैं, मरेंगे वतन के लिए, शर्त मौत से लगाए बैठे हैं।" इन देशभक्ति पंक्तियों के साथ देश सेवा के पावन मार्ग पर कदम बढ़ाने वाले वीर जवानों का आसपास के क्षेत्र एवं लखनवास नगर के गणमान्य समाजसेवी बंधुओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और भारत माता के जयकारों के साथ अभिनंदन किया गया।

# प्रस्फुटन समितियों की बैठक सम्पन्न जल संरक्षण और स्वच्छता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा ग्राम कडैया के महुआ खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन ने की।

बैठक में परिषद की योजनाओं की जानकारी देते हुए मंजूषा सोलोमन ने कहा कि परिषद का उद्देश्य स्वै'छिक संगठनों के माध्यम से समाज के विकास में सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान, सामूहिक श्रमदान, सामाजिक समरसता और आदर्श ग्राम बेसलाइन सर्वे को लेकर प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट ने सभी समितियों को निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, चैन सिंह धाकड़ और देवेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अंत में जल बचाने व स्वच्छता की शपथ ली।


# भदौड़ी स्कूल निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

स्कूल चले अभियान अंतर्गत सीएमओ तेज सिंह यादव द्वारा माध्यमिक विद्यालय भदौड़ी का निरीक्षण किया। स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर खुद के अनुभव एवं छात्र-छात्रों के अनुभव साझा किए।छात्र-छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु बिस्किट, चॉकलेट एवं पेन वितरित किए गए। इस मौके पर प्रधान अध्यापक जगदीश प्रसाद गौड़, नगर पालिका उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, अनिल वर्मा एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# 150 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती ने मुख्य मार्ग और सार्वजनिक नालियों पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे 150 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि बस स्टैंड, मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर दुकानदारों ने सड़क और नालियों पर सामान रखकर यातायात बाधित कर रखा है। इससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा है। नगर परिषद द्वारा पिछले एक सप्ताह से मुनादी के जरिए अतिक्रमण हटाने की अपील की जा रही थी। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटने पर म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की गई है।

## बलपूर्वक हटाएंगे

नोटिस मिलने के 24 घंटे के अंदर व्यवसायिक सामग्री निर्धारित सीमा में नहीं रखने पर नगर परिषद बलपूर्वक अतिक्रमण हटाएगी। इस दौरान हुए नुकसान और हटाने का खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा।

## अब नजरें कार्रवाई पर

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या नगर परिषद किसी के दबाव में आकर अतिक्रमण हटाने का काम रोक देगी, या फिर नोटिस के मुताबिक सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अब सबकी नजरें 24 घंटे बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। नोटिस की प्रतिलिपि विधायक, एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को भी भेजी गई है।

### मान्यता 8वीं क्लास तक और संचालित हो रहीं 12वीं तक की कक्षाएं!

# शिक्षा विभाग को ठेंगा दिखा रहे प्राइवेट स्कूल संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/लखनवास

शिक्षा के मंदिर में बच्चों का भविष्य सुरक्षित और सुनहरे सपनों की नींव रखने के लिए होता है, लेकिन लखनवास के कुछ निजी विद्यालय इन सपनों की जगह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में जुटे हैं। क्षेत्र के कई स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें शिक्षा विभाग से केवल कक्षा 8वीं तक संचालन की मान्यता मिली है, लेकिन वे बिना किसी डर के 12वीं तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े करता है।

## नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

सूचना के अनुसार, लखनवास में संचालित ऐसे कई निजी संस्थान हैं, जिनके पास प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 8) तक का ही सरकारी लाइसेंस है। इन स्कूलों के संचालकों ने व्यावसायिक लाभ के लिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं (9वीं से 12वीं) के छात्रों को भी प्रवेश दे रखा है। बिना मान्यता के इन कक्षाओं का संचालन न केवल अवैध है, बल्कि यह कानूनी रूप से भी पूरी तरह गलत है।

## छात्रों के भविष्य पर मंडराता खतरा

सबसे चिंताजनक पहलू उन विद्यार्थियों का भविष्य है, जो इन अवैध कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। चूंकि इन स्कूलों के पास 10वीं या 12वीं की परीक्षा के लिए बोर्ड से संबद्धता नहीं है। ऐसे में विभाग की खामोशी पर सवाल उठ रहे है। इस अवैध संचालन का सबसे हैरान करने वाला पहलू शिक्षा विभाग की चुप्पी है। ग्रामीणों का



आरोप है कि ये स्कूल पिछले कई वर्षों से बिना किसी डर के संचालित हो रहे हैं। क्या शिक्षा विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ हैं या इस गोरखधंधे के पीछे किसी सांठगांठ की बू आ रही है? नियमों के अनुसार, ऐसे स्कूलों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिसमें विद्यालय की मान्यता रद्द करने से लेकर भारी जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद, लखनवास में कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही देखने को मिलती है।

## क्या कहते हैं नियम?

शिक्षा का अधिकार अधिनियम और राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी शैक्षणिक संस्थान बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के उच्च कक्षाओं का संचालन नहीं कर सकता। बिना मान्यता के कक्षाएं चलाना 'शिक्षा माफिया' की श्रेणी में आता है, जो मासूम बच्चों के करियर के साथ सीधा खिलवाड़ कर रहे हैं। लखनवास के अभिभावक अब प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसे स्कूलों की तत्काल जांच हो और दोषी संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। अभिभावकों का कहना है कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा अंततः बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग कब जागता है।

### हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी

# मुख्यमंत्री पर लगाए गए आरोप बेबुनियादः मंत्री राव उदयप्रताप

**नरसिंहगढ़।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री से जुड़े आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इन्हें तथ्यहीन और बेबुनियाद बताया है। नरसिंहगढ़ में एक निजी स्कूल के अतिरिक्त भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले ढाई वर्षों में हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिख रही है। सरकार की उपलब्धियों से विपक्ष पूरी तरह हताश है, इसलिए वह जनता का ध्यान भटकाने के लिए निराधार और तथ्यहीन आरोप लगा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, अधोसंरचना, कृषि, स्वास्थ्य और जनकल्याण सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य कर रही है। विकास कार्यों के कारण जनता का विश्वास सरकार के प्रति लगातार बढ़ा है, जिसे विपक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा जनता तथ्यों को अच्छी तरह समझती है और इस तरह के आरोपों से कोई भ्रमित होने वाला नहीं है। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।